हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 12 जून 2026

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

12 पंचायत में दो वार्ड के हैंडपंप खराब वार्डवासियों...



13 9 जिले के प्रशिक्षु राजीवलोचन जिला मानस...





प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557

## खबर संक्षेप

### दो वर्षीय बच्ची की सर्प दंश से मौत

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के ग्राम धोबीपारा में दो वर्षी बच्ची को जहरीले सर्प के काटने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तहसील मुख्यालय मैनपुर से 18 किमी दूर ग्राम पंचायत दबनई के आश्रित ग्राम धोबीपारा में बीते रात अपने परिजनों के साथ बच्ची गोमाक्षी पिता भानुशंकर पाड़े ग्राम कोयलीबेड़ा जमीन पर सोये हुई थी। रात 10.30 बजे के आसपास जहरीले सर्प ने बच्ची को काट लिया। रात को बारिश होने के कारण बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर पहुंचाने में लगभग एक घंटे का समय लग गया। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने बच्ची का इलाज प्रारंभ किया और गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रिफर किया, लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही मासूम बच्ची गोमाक्षी पाड़े की मौत हो गई। मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के बीएमओ डॉ. गजेन्द्र ध्रुव ने बताया रात में अस्पताल लाते ही बच्ची का इलाज प्रारंभ किया गया, लेकिन उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रिफर किया गया, जहां बच्चे के निधन की जानकारी मिली। श्री ध्रुव ने कहा इस वनांचल क्षेत्र में बारिश के इन दिनों में जमीन पर न सोये खाट और पलंग का उपयोग करे साथ ही घर के आसपास साफ सफाई रखे।



### मत्स्याखेट पर 15 अगस्त तक प्रतिबंधित

**गरियाबंद।** मछली पालन विभाग के सहायक संचालक गिरिश वर्मा ने बताया कि वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को ध्यान में रखते हुये उन्हें संरक्षण देने के लिए राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के तहत दिनांक 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया गया है। इस दौरान प्रदेश के सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों में जिनका संबंध नदी नालों से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर को छोड़कर, सभी प्रकार के जल संसाधनों में मत्स्याखेट कार्य पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। उन्होने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 25 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनो एक साथ होने का प्रावधान है। उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होगें।

### राजिम में आज कांग्रेस की ट्रैक्टर रैली व सांकेतिक चक्काजाम

**राजिम।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूपेश साहू ने एक विज्ञप्ति में बताया कि आज शुक्रवार को सुबह 10 बजे पं सुंदरलाल शर्मा चौक में किसानों को लेकर कांग्रेस द्वारा ट्रैक्टर रैली एवं सांकेतिक चक्काजाम का कार्यक्रम रखा गया है। बताया कि युरिया एवं डीएपी खाद की उपलब्धता तथा खाद के कालाबाजारी को रोकने के लिए ये आंदोलन किया जा रहा है। बताया कि धान पर बढ़ा हुआ समर्थन मुल्य जोड़कर 3358 रूपए प्रति क्विंटल की जाए तथा पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस की कीमत कम करने की मांग शामिल हैं।

# नए सत्र की दस्तक के बीच स्कूलों में शिक्षकों का संकट, पढ़ाई होगी प्रभावित

## कई स्कूलों में एक, दो और कहीं-कहीं तीन शिक्षकों के पद रिक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

नए शिक्षा सत्र की शुरुआत नजदीक है, लेकिन फिंगेश्वर विकासखंड के अनेक प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों में शिक्षकों की कमी आज भी बड़ी समस्या बनी हुई है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इस बार बच्चों को उनके विषय के शिक्षक मिल पाएंगे या फिर पिछली वर्षों की तरह उन्हें अधूरी शिक्षा व्यवस्था के सहारे ही पढ़ाई करनी पड़ेगी?

क्षेत्र के कई विद्यालयों में एक, दो और कहीं-कहीं तीन तक शिक्षकों के पद रिक्त बताए जा रहे हैं। स्थिति यह है कि कुछ स्कूलों में उपलब्ध शिक्षकों को कई विषयों और कई कक्षाओं का भार संभालना पड़ रहा है। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होना स्वाभाविक है। सबसे अधिक चिंता उन विद्यार्थियों की है जो बोर्ड परीक्षाओं या उच्च कक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।

शिक्षा सत्र समाप्त होने के बाद भी शिक्षकों की कमी को लेकर लगातार आवाजें उठती रही हैं। जनप्रतिनिधियों, पालकों और ग्रामीणों ने समय-समय पर इस समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया, लेकिन अब तक ऐसा कोई ठोस समाधान नजर नहीं आया जिससे सभी विद्यालयों में आवश्यकतानुसार शिक्षक उपलब्ध हो सकें।

विडंबना यह है कि कुछ विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक मौजूद हैं, जबकि अधिकांश स्कूल आज भी स्टाफ की कमी से जूझ ▶▶| शेष पेज 12 पर

### बच्चों को होगी परेशानी

क्या फिंगेश्वर ब्लॉक के विद्यार्थियों को इस सत्र में उनके विषयवार शिक्षक मिल पाएंगे या फिर शिक्षा व्यवस्था की खामियों का खामियाजा एक बार फिर बच्चों को भुगतना पड़ेगा क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहरसी मे शिक्षक की कमी को पूरा नही किया गया लगातार सुर्खियों मे रहने के बाद भी शासन - प्रशासन व विभाग ने ध्यान नहीं दिया जिसका खामियाजा आज स्कूल में विज्ञान,संस्कृत, रसायन जैसे महत्वपूर्ण विषयों का शिक्षक नहीं है इसी तरह पूर्व माध्यमिक लोहरसी और रवेली, धुरसा, रोहिना, जैसे विद्यालय में शिक्षक और प्रधान पाठक की कमी बनी हुई है और ऐसे ही क्षेत्र के कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी से बच्चे और ग्रामीण जूझ रहे हैं।



### उच्च स्तर पर भेजी गई जानकारी

युक्तियुक्त करण के तहत जहां-जहां शिक्षकों की कमी थी, वहां भेज दिया गया है और बाकि अन्य बचे हुये हैं वह शासन स्तर पर भेज दिया गया है, शिक्षकों की कमी को लेकर आवेदन आता है, उसे उच्च स्तर पर प्रेषित कर देते हैं।

**-देवेंद्र सिंह**, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, फिंगेश्वर

## खुलासा : सप्ताहभर बाद दूसरे व्यक्ति की मौत पर खुला राज

# पुरानी रंजिश में पति-पत्नी की हत्या, शवों को बोरे में भरकर दफनाया, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के गरीबा में पुरानी रंजिश के चलते पति–पत्नी की निर्मम हत्या कर उनके शवों बोरे में भर कर एक साथ दोनों को श्मशान घाट में दफना दिया गया था। घटना का खुलासा हत्या के लगभग एक सप्ताह बाद हुआ, जिसके बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।

मृतकों की पहचान राजाराम नेताम एवं उनकी पत्नी आशो बाई नेताम के रूप में हुई है। वहीं इस मामले में ग्राम गरीबा निवासी लखीराम नेताम, रघुराम नेताम और नकुल राम नेताम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शोभा थाना प्रभारी पवन वर्मा से मिली जानकारी के अनुसार 6 जून को पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने पति–पत्नी की डंडों से पीट–पीटकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद सबूत छिपाने की नीयत से दोनों शवों को चुपचाप श्मशान घाट में दफना दिया गया था, ताकि किसी को घटना की भनक न लग सके।

मामले का खुलासा तब हुआ जब हाल ही में गांव के एक अन्य व्यक्ति के निधन के बाद ग्रामीण अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट पहुंचे। वहां उन्होंने दो अन्य स्थानों पर ताजा दफनाए गए शवों के निशान देखे। ग्रामीणों को यह संदिग्ध लगा क्योंकि गांव में हाल के दिनों में किसी अन्य व्यक्ति की मृत्यु नहीं हुई थी। इस दौरान ग्रामीणों को पिछले एक सप्ताह से लापता राजाराम नेताम और उनकी पत्नी आशो बाई नेताम की याद आई संदेह गहराने पर ग्रामीणों ने शोभा थाना पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही शोभा थाना प्रभारी पवन वर्मा अपनी टीम के साथ गरीबा गांव पहुंचे और श्मशान घाट में दफन शवों को खुदवाकर बाहर निकलवाया।जांच के दौरान पुष्टि हुई कि बरामद शव की पहचान राजाराम नेताम और आशो बाई नेताम के रूप में हुई है। थाना प्रभारी पवन वर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या में शामिल तीनों आरोपियों लखीराम नेताम, रघुराम नेताम और नकुल राम नेताम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर हत्या के कारणों और पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच कर रही है। फिलहाल दोनों शवों का पंचनामा तैयार कर शोभा थाना लाया गया है। शवों के अवशेषों को फॉरेंसिक जांच के लिए रायपुर भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि फॉरेंसिक रिपोर्ट मिलने के बाद मामले में और महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं।



**गरीबा के जंगल में मिला पति–पत्नी का कंकाल, जांच में जुटी पुलिस**

शोभा थाना क्षेत्र के गरीबा जंगल में पति–पत्नी का कंकाल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है मृतकों की मौत के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस द्वारा कंकालों को कब्जे में लेकर आगे की जांच की जा रही है। साथ ही क्षेत्र के गुमशुदगी मामलों और अन्य पहलुओं को भी खंगाला जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में तरह–तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं, वहीं पुलिस का कहना है कि जांच और वैज्ञानिक परीक्षण की रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल शोभा थाना पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही महत्वपूर्ण खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है।

# प्री मानसून की बारिश से ही वार्ड 13 में पानी जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

बरसात पूर्व नगर के सड़कों एवं नालियों की साफ सफाई नगर पंचायत द्वारा की जाती है, लेकिन नगर की सड़कों में पानी जाम है। वहीं पर नालियों में कचरा गंदगी के साथ साथ झाढ़ झरोखे उग आये हैं, जिसकी सफाई का आंख मूंदकर अनदेखा किया जा रहा है। सफाई को लेकर वार्ड पार्षद की निष्कृयता अपनी कहानी बयान कर रही है। पानी निकासी की व्यवस्था नहीं बनी तो कलेक्टर से होगी शिकायत।

बता दें कि वार्ड 13 में नवनिर्मित नाली एवं सड़कों का हाल इस तरह से कि प्री मानसून की हुई बारिश का पानी नालियों से न निकलकर सड़कों पर ही जाम है, जिससे इस सड़क मार्ग पर गुजरने वाले वाहनों का आने जाने में जितना परेशानी हो रही है वहीं पर इस सड़क किनारे बने मकान के लोगों का आने जाने में परेशानी हो रही है।पानी निकासी का कोई साधन नगर पंचायत द्वारा नहीं किया जा रहा है। इस सड़क के गड्ढों में अपने चहेतों के घर के सामने मुरूम डालकर अपने कर्तब्यों की वाह वाही लूट रहे हैं। इस वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि कमलेश यदु को इस समस्या से अवगत कराकर पानी निकासी एवं सड़क में हुए गड्ढे जिसमें पानी भरा रहता है। वहां मुरूम डालने के लिए वार्ड वासी लता सोनी के द्वारा निवेदन किया गया था, उसके बाद भी पार्षद प्रतिनिधि ने कोई ध्यान देना उचित नहीं समझा जिसको लेकर वार्ड वासियों में आक्रोश व्याप्त है। इस समस्या को लेकर पार्षद पति को फोन लगाया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसिव नहीं किया। वार्ड वासियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सीएमओ से सड़क में भरे पानी को नालियों में निकालने एवं गड्ढों वाली जगह पर मुरूम डालने की गुहार लगाई है।

# आदिवासी ग्रामों में बिजली लगाने सैकड़ों ग्रामीणों ने पीएम को खून से लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के राजापड़ाव गौरगांव इलाके की पांच ग्राम पंचायतों के लगभग 48 ग्रामों के सैकड़ों ग्रामीणों ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने खून से पत्र लिखा है। पत्र में बताया कि आधुनिक युग 21वीं सदी में भी अंधेरे में जिंदगी गुजारने मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बिजली और मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर ऐसा कदम उठाया है। गांवों में बिजली उपलब्ध कराने की मार्मिक अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से मांग और आंदोलन के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ, इसलिए अब उन्होंने अपनी पीड़ा सीधे प्रधानमंत्री तक पहुंचाने का फैसला किया है।





**अड़गड़ी गौठान में जुटे 500 से अधिक ग्रामीण-** राजापड़ाव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कोकड़ी, गरहाडीह, गौरगांव, भूतबेड़ा, कुचेंगा समेत आठ पंचायतों के 48 गांवों और आश्रित पाराटोलों के लगभग 500 ग्रामीण अड़गड़ी गौठान स्थल पर एकत्र हुए। जय अंबेडकरवादी युवा संगठन और किसान संघर्ष समिति राजा पड़ाव क्षेत्र के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में ▶▶| शेष पेज 12 पर

# जनपद की बैठक में जर्जर आबा केंद्र व अधूरे स्कूल भवनों को लेकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



जनपद पंचायत मैनपुर में सामान्य सभा की बैठक जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम की अध्यक्षता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी मैनपुर जे के गजभिये की उपस्थिति में हुई। बैठक में कई प्रस्ताव पास किये गये जिसमें स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत कार्य योजना का अनुमोदन प्रस्ताव लिया गया। जर्जर स्कूल भवन के स्थान पर नया स्कूल भवन, स्वास्थ्य महिला एवं बाल कल्याण, क्षमता विकास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 के तहत जनपद पंचायत में पेयजल व्यवस्था, स्कूल भवन मरम्मत, मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत जर्जर स्कूल भवन अमलीपदर, बजाड़ी, तौरेंगा, बोईरगांव, बुड़गेलटप्पा, इंदागांव, घुमरापदर, नवीन भवन के साथ ही जर्जर आंगनबाड़ी भवन मरम्मत के लिए प्रस्ताव पास किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा छात्र –छात्राओं को साइकिल वितरण के संबंध में जानकारी दी गई। 15वें वित्त वित्तीय वर्ष 2024–25 के तहत जनपद पंचायत योजना अंतर्गत स्वीकृत नाली सफाई कार्य ग्राम पंचायत गोहरापदर संशोधन एवं विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान जर्जर स्कूल भवन एवं जर्जर आंगनबाड़ी भवनो को लेकर जमकर नराजगी जताई गई। बैठक मे प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम, उपाध्यक्ष नंदकुमारी राजपूत, जनपद सदस्य जमुना नेगी, प्रताप मरकाम, कुमारी बाई पटेल, सुकचंद ध्रुव, रमुला मरकाम, फुलचंद मरकाम, माधुरी नेताम, सूर्यकांती नागेश, किशोर मांझी, अभिराम ध्रुव, निर्भय सिंह ठाकुर, चैनसिंह ध्रुव, सुनिता, बृन्दा नागेश, कुंती साहू, बिन्देश्वरी, सुभाश यादव, तपेश्वर ठाकुर, बेलमती ध्रुव, परमेश्वर जैन, गेंदु यादव, जे के गजभिये, कविता ठाकुर, ज्योति ध्रुव, आर के साहू, जिगनेश्वर यादव, कोमल बिसेन, जे एन नाग एवं बड़ी संख्या मे विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## बारिश में मरीजों को अस्पताल तक ले जाने, बच्चों को स्कूल जाने में होती थी परेशानी

# 10 लाख से ग्रामीणों ने बनाई सड़क, सरकार की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खेतों के बीच वर्षों से बसे आदिवासी परिवार के ग्रामीण सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्राम पंचायत से लेकर जनपद, जिला और कलेक्टर तक आवेदन देकर थक चुके सालों तक सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाने के बाद भी सड़क नहीं बनने पर ग्रामीणों ने अपने स्वयं के लाखों रूपये खर्च कर लगभग 01 किमी सड़क निर्माण किया है, जो क्षेत्र मे एक बेहतर मिशाल पेश किया है। साथ ही शासन प्रशासन की नाकामी को उजागर कर रही है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 3 किमी दूर ग्राम पंचायत देहारगुड़ा के पारा बेलकोना जो खेतों के बीच बसा हुआ है और यहां तीन परिवार के लोग निवास करते हैं। बारिश में चारो तरफ खेतों में फसल लगने से यहां के छोटे –छोटे बच्चों को स्कूल आंगनबाड़ी जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही बीमार होने की स्थिति मे मरीज को अस्पताल तक लाने के लिए उठाकर लाना पड़ता है। इन समस्याओं को देखते हुए इस पारा में निवास करने वाले ग्रामीणों ने कई बार रोजगार गारंटी योजना के तहत सड़क निर्माण की मांग की। हर बार उन्हें आश्वासन ही दिया गया। पिछले वर्ष सुशासन तिहार में आवेदन देने पर एक सप्ताह में सड़क निर्माण की बात कही गई थी, लेकिन कलेक्टर बदलने के बाद ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान की दिशा में स्थानीय अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। इस वर्ष बारिश के मौसम को देखते हुए यहां के ग्रामीणों ने अपने स्वयं के खर्च लगभग ढाई तीन लाख रूपये खर्च कर 6 फीट चौड़ा और लगभग 900 मीटर लंबा सड़क का निर्माण किया है और उसके उपर मुरूम भी डाल रहे हैं, ताकि आने जाने में परेशानी न हो। ग्रामीण लुजेश कुमार, सालिकराम, गाड़ाराय, ओहनसिंह एवं ग्रामीणों ने बताया गांव तक सड़क निर्माण के लिए कई बार आवेदन निवेदन कर थक चुके कोई ध्यान नहीं दिया। मजबुरन हम ग्रामीणों ने अपने स्वयं के खर्च से सड़क का निर्माण किया है।



# कार्यशाला में फ्रिंगर प्रिंट को लेकर पुलिस कर्मियों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

अपराधों की विवेचना को अधिक वैज्ञानिक, प्रभावी एवं तकनीक आधारित बनाने के उद्देश्य से जिला पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिले समस्त विवेचकों के लिए एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में अंगुली चिन्ह विशेषज्ञों ने विवेचकों को अपराध स्थल से सुरक्षित एवं वैज्ञानिक तरीके से अंगुली चिन्ह संकलित करने, उन्हें संरक्षित रखने तथा न्यायालय में साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि अंगुली चिन्ह किसी भी अपराध की जांच में सबसे विश्वसनीय एवं प्रमाणिक वैज्ञानिक साक्ष्य माने जाते हैं।

द्वितीय सत्र में विवेचकों को राष्ट्रीय स्वचालित अंगुली चिन्ह पहचान प्रणाली के संचालन एवं उपयोग का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान गिरफ्तार आरोपियों के अंगुली चिन्हों को लाइव स्कैनर के माध्यम से राष्ट्रीय आंकड़ा भंडार में दर्ज करने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया।

प्रशिक्षकों ने बताया कि एनएएफआईएस के माध्यम से देशभर के करोड़ों अपराधियों के अंगुली चिन्हों के आंकड़ों से किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के चिन्हों का मिलान कुछ ही मिनटों में किया जा सकता है। इससे अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी की प्रक्रिया अधिक त्वरित ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### दिशा की बैठक 18 को

**महासमुंद।** जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक 18 जून को आयोजित होगा। बैठक लोकसभा क्षेत्र महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में होगी। बैठक का आयोजन सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी संबंधित सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### जिले में कोषालय का ऑडिट निरीक्षण

**महासमुंद।** जिला कोषालय में संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर द्वारा बुधवार को ऑडिट कार्य किया गया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक महेश कुमार शाकल्ले द्वारा कोषालय के विभिन्न अभिलेखों, पंजियों एवं विभागीय कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कोषालय में संचालित सभी कार्य संतोषप्रद पाए गए। संयुक्त संचालक ने कोषालय के कार्यप्रणाली और अभिलेख संधारण की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी संजय कुमार चौधरी, कोषालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


### परमा एकादशी का व्रत रखकर महिलाओं ने की पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के राममंदिर में परमा एकादशी का व्रत रखकर महिलाओं ने पूजा अर्चना की। इस परमा एकादशी का दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। इस पावन अवसर पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होते हैं और जीवन की अनेक बाधाएं दूर होते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान विष्णु की आराधना के साथ परमा एकादशी व्रत कथा का पाठ करने से व्रत का पूर्ण फल प्राप्त होता है और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है।

**कहर:** टिन शेड, विद्युत तार के अलावा कार्यालय में लगे टावर धराशायी

# बारिश, तेज आंधी-तूफान से गिरे पेड़ों के डंगाल, ब्लैकआउट रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा





क्षेत्र में मौसम ने अचानक करवट ली। बुधवार की शाम करीबन 7 बजे गरज-चमक और अंधड़ के साथ बारिश शुरू हो गई। ज्येष्ठ के महीने में भीषण गर्मी के बीच प्री मानसून के चलते तेज आंधी-तूफान ने पूरे क्षेत्र में मचाई तबाही। तूफान की रफ्तार इतनी तेज थी कि इसके सामने पेड़ पौधे घरों के टिन शेड, विद्युत तार और कनिष्ठ यंत्री कार्यालय नर्रा में लगे टावर भी टिक नहीं पाए। अंधड़ की रफ्तार तेज होने के कारण मेघनाथ यादव के टिन शेड घर पर टावर गिर जाने से मकान क्षतिग्रस्त होने की खबर है। रात भर ब्लैक आउट रही। इधर, उमस व भीषण गर्मी के कारण लोग रात रात भर ढंग से सो नहीं पाए। भीषण आंधी तूफान के कारण कोमाखान-खट्टी मार्ग पर पेड़ की डंगाल गिरने से आवागमन कुछ देर के लिए बाधित रहा और ग्रामीण इलाकों में दर्जनों विशालकाय पेड़ और उनकी भारी डालियां (डंगाल) टूटकर गिर गईं। चक्रवाती हवाओं के थपेड़ों से कई घरों के टिन शेड हवा में उड़ गए। सबसे बड़ा नुकसान विद्युत विभाग के बुनियादी ढांचे को हुआ है। तेज आंधी के दबाव में विद्युत विभाग के कार्यालय का टावर और बिजली के तार धराशायी हो गए हैं। इस वजह से पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई और पूरा इलाका अंधकार में डूब रहा। समाचार लिखे जाने तक नर्रा में दोपहर ढाई बजे तक विद्युत बहाल नहीं हो पाई थी।

तूफान के दौरान अंधेरे में मुख्य सड़कों के बीचो बीच पेड़ की डंगाल गिरने से आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। सुबह होते ही घर मालिकों ने पेड़ की डंगाल को काट कर हटाया गया। राहत की बात यह है कि टावर गिरते समय इस वक्त घर में कोई नही था। बारिश के समय सड़क पर कोई राहगीर या वाहन मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा और दर्दनाक हादसा होने से बाल-बाल बच गया।

## आंधी-तूफान से दिव्यांग का घर गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



क्षेत्र में बीती बुधवार शाम को तेज आंधी-तूफान और बारिश के साथ चक्रवाती हवाओं ने भारी तबाही मचाई है। इस प्राकृतिक आपदा से क्षेत्र के पेड़ पौधे घरों के शेड धराशायी हो गए। यह पूरा मामला जनपद पंचायत बागबाहरा के ग्राम पंचायत बिंद्रावन के वार्ड नं 07 में निवासरत कुश बाई साहू और उनके दिव्यांग पति नरोत्तम साहू जो बचपन से मूकबधिर हैं का घर पूरी तरह से गिर गया, अब रहने-सोने का संकट खड़ा हो गया है। प्राकृतिक आपदा की सबसे बड़ी मार एक ऐसे परिवार पर पड़ी है, जिसके मुखिया बचपन से ही मूक-बधिर (बोलने और सुनने) में असमर्थ है। तेज हवाओं के दबाव के कारण कच्चे मकान की मलबा पूरी छत (बांस, बल्ली और शीट) टूट कर गिर गए। इस हादसे के बाद से मूक-बधिर पति और उनकी पत्नी और तीन बच्चों के सामने इस भीषण गर्मी और बदलते मौसम में रहने, सोने का एक गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

### शासकीय योजनाओं से वंचित, आज तक नहीं मिला आवास

शासन-प्रशासन के सबके लिए आवास और अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। नियमों के मुताबिक, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं में सबसे पहला हक दिव्यांग, अत्यंत गरीब और निराश्रित परिवारों का होता है। परंतु, हैरान करने वाली बात यह है कि इस बेहद पात्र और जरूरतमंद दिव्यांग परिवार को आज तक सरकारी आवास का लाभ नहीं मिल पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने सुध ली होती और इन्हें पक्का मकान मिल गया होता, तो आज इन्हें खुले आसमान के नीचे आने को मजबूर नहीं होना पड़ता। शासन-प्रशासन से त्वरित सहायता और पक्के मकान की गुहार लगाई है।

# बस आवंटन में महासमुंद की उपेक्षा, भाजपा सरकार का सौतेला व्यवहार : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि साय कैबिनेट ने प्रदेश में 240 ई-बसों के संचालन को मंजूरी दी है। ये बसें रायपुर, दुर्ग-भिलाई, बिलासपुर और कोरबा में चलेंगी। लेकिन महासमुंद जिले को एक भी ई-बस नहीं दी गई। यह महासमुंद की जनता के साथ सरकार की उपेक्षापूर्ण व्यवहार को दर्शाता है।

चंद्राकर ने कहा कि महासमुंद की जनता ने भाजपा को दो विधायक दिए। लोकसभा में भी भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से जिताकर भेजा। इसके बावजूद साय सरकार हर योजना में महासमुंद को नजरअंदाज कर रही है। पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार वृद्धि के कारण बस यात्रियों को भारी किराया वहन करना पड़ रहा है। 50 किलोमीटर के सफर में सीधे 25 से 30 रुपए किराए में वृद्धि होने से आम यात्रियों, छात्रों और मजदूरों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाकर सरकार ने पहले ही जनता को महंगाई के बोझ तले दबा दिया है। अगर महासमुंद को ई-बस की सुविधा मिल जाती तो यहां के लोगों को भी सस्ती, सुलभ और प्रदूषण रहित परिवहन सुविधा मिलती। लेकिन, सरकार ने महासमुंद के लोगों से यह राहत भी छीन ली।



उन्होंने सरकार पर जनादेश का अपमान का आरोप लगाते हुए सवाल किया कि जब महासमुंद ने भाजपा को भरपूर समर्थन दिया, तो विकास में हिस्सेदारी क्यों नहीं दिया जा रहा। रायपुर, दुर्ग-भिलाई, बिलासपुर, कोरबा को ई-बस और महासमुंद के साथ दोहरा मापदंड क्यों अपनाया गया। क्या महासमुंद छत्तीसगढ़ का हिस्सा नहीं है? चंद्राकर ने सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि ई-बसें प्रदूषण कम करेंगी और जनता को सस्ती परिवहन सुविधा देंगी। महासमुंद के लोगों को स्वच्छ परिवहन का अधिकार क्यों नहीं दिया जा रहा। साय सरकार केवल चुनिंदा शहरों के विकास की बात करती है। महासमुंद, जो कृषि और व्यापार का बड़ा केंद्र है, उसे हर बार दरकिनार किया जाता है। यह सरकार की क्षेत्रीय असंतुलन की नीति को दिखाता है।

चंद्राकर ने कहा कि हम मांग करते हैं कि कैबिनेट के फैसले पर पुनर्विचार हो। महासमुंद को उसकी जनसंख्या और जरूरत के हिसाब से ई-बसों का कोटा तुरंत दिया जाए। भाजपा ने वोट तो महासमुंद से ले लिया, पर विकास देने की बारी आई तो पीठ दिखा दी। महासमुंद की जनता यह अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी। कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक इस भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाएगी।

# आदर्श शहर समृद्धि योजना में महासमुंद पालिका शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**2026-27 में 200 करोड़ का बजट प्रावधान, नपा उपाध्यक्ष व पार्षदों ने जताया आभार**



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के 32 नगरीय निकायों में आदर्श शहर समृद्धि योजना प्रारम्भ कर 2026-27 में लगभग 200 करोड़ बजट का प्रावधान किया गया है। इस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सहित भाजपा प्रदेश व स्थानीय नेताओं का नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी सहित अन्य ने आभार माना। नपा प्रतिनिधियों ने कहा कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का शहर विकास के लिए सतत प्रयास जारी रहा। परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ शासन ने महासमुन्द नगरपालिका को शहरी समृद्धि योजना में शामिल किया है। राठी ने आगे बताया कि भाजपा सरकार की योजना है कि बड़े नगरों की तरह छोटे शहरों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा जाए। नगरीय निकायों के समग्र विकास की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 विकसित भारत निर्माण के संकल्प में यह योजना मील का पत्थर साबित होगी। इससे शहर के सभी वार्डों का समान विकास होगा। मूलभूत सुविधा जनता को उपलब्ध होगी। प्रकाश, पानी, सफाई तथा विकास कार्यों पर फोकस होगा। आदर्श शहर समृद्धि योजना में सड़क, ड्रेनेज, जल आपूर्ति, परिवहन, पार्क, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामुदायिक सेवाएं, रोजगार, व्यापार, उद्यमिता प्रोत्साहन, ई-गवर्नेंस, स्मार्ट ट्रैफिक, सुरक्षा प्रणाली, हरित क्षेत्र, नवीकरणीय ऊर्जा, जल संरक्षण जैसे अन्य कार्य कराए जाने हैं।

# पंचायत में दो वार्ड के हैंडपंप खराब वार्डवासियों को पानी की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



ग्राम पंचायत रसेला के वार्ड नंबर 6 और 8 का हैंडपंप तीन माह से खराब होने के कारण वार्डवासियों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उक्त वार्ड में पीने व निस्तारी के लिए एकमात्र सहारा हैंडपंप ही है। वार्ड नंबर 6 का पंच साधना जयसवाल और वार्ड नंबर 8 का पंच डोमेश चौहान ने बताया कि हैंडपंप खराब होने की सूचना पंचायत सरपंच, सचिव और पंचायत मिटिंग में किया गया परंतु अब तक खराब हैंडपंप को सुधारा नहीं गया है। जब पंचायत स्तर पर काम नहीं हुआ तो दोनों पंच सुशासन तिहार में आवेदन देकर हैंडपंप को सुधारने की मांग प्रशासन से की है। मगर अभी तक इस ओर जन स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ख़राब हैंडपंप को सुधारने का समय नहीं है। यह हैंडपंप लोगों की प्यास कैसे बुझायेंगे, जबकि यह खुद ही पानी की बूंद को तरस रहे हैं। इसकी वजह से वार्डवासियों को शुद्ध पेयजल के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन इसके जिम्मेदार लोग मौन है। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों द्वारा भी कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है और न ही प्रशासनिक अधिकारी इसकी कोई सुध ले रहे हैं। वार्डवासी अनुज ठाकुर, प्रकाश ठाकुर, अशोक ठाकुर, सुंदर यादव,नोहर यादव, देवलाल साहनी, लोकराम ठाकुर,भुखाऊ राम, संतराम यादव, उमेन्द साहनी, तमेशर मरकाम का कहना है कि इन हैंडपंप को खराब हुए महीने बीत गए, लेकिन विभाग के अधिकारियों ने गांव में खराब पड़े हैंडपंपों को रीबोर करवाने की जहमत नहीं उठाई है। दोनों वार्डवासियों ने कहा अगर एक सप्ताह के अंदर हैंडपंप का सुधार नहीं हुआ तो इस बार पीएचई विभाग में जाकर धरना में बैठेंगे। इस संबंध में पीएचई विभाग के एसडीओ नविन साहू ने कहा एक सप्ताह के अंदर खराब हैंडपंप का सुधार हो जाएगा। ग्राम पंचायत रसेला के सचिव रूपसिंह यादव को इस संबंध में जानकारी चाही गई मगर फोन रिसीव नहीं किया गया।

# नगर के सितली नाला का हो रहा कायाकल्प एनीकट पर पुल निर्माण की तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नगर के ऐतिहासिक जल स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन और पर्यावरण को नया जीवन देने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है। स्वाध्याय केंद्र और सहयोगी संस्था कृष्ण गोपाल बालाजी सेवा समिति महासमुंद के तत्वावधान में अविरल सितली, निर्मल सितली अभियान का कार्य पूरी भव्यता के साथ प्रारंभ हो चुका है। इस पुनीत अभियान के अंतर्गत महासमुंद के सितली नाला क्षेत्र में व्यापक स्तर पर सौंदर्यीकरण और नव-निर्माण का कार्य संचालित किया जा रहा है। यह संपूर्ण जनहितैषी कार्य क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी स्वर्गीय अशोक चौरड़िया की स्मृति में कराया जा रहा है। बता दें कि वर्तमान में सितली नाला के ऊपर बने एनीकट पर मजदूरों द्वारा पूरी तन्मयता के साथ कार्य किया जा रहा है। एनीकट के दोनों तटों पर मजबूती प्रदान करने के लिए सीमेंट, गिट्टी और कंक्रीट का मसाला बनाकर ढलाई का कार्य प्रगति पर है। निर्माण समिति की देखरेख में चल रहा यह कार्य अपने अंतिम चरणों में है और उम्मीद जताई जा रही है कि यह जल्द ही पूरी तरह से संपन्न हो जाएगा।

महासमुंद के पूर्व विधायक व समिति के संस्थापक सदस्य डॉ विमल चोपड़ा ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि एनीकट के जीर्णोद्धार के साथ-साथ इसके ऊपर एक मजबूत पुल निर्माण करने की तैयारियां भी जोरों पर हैं। इसके लिए एनीकट के गेट के ऊपरी हिस्से में आवश्यक बेस (गड्ढे) तैयार किए जा रहे हैं, ताकि लोहे के पुल का निर्माण पूरी मजबूती के साथ ऊपर किया जा सके। इस पुल के बन जाने से नाले के दोनों तटों का संपर्क सुदृढ़ होगा और सितली क्षेत्र का सौंदर्य काफी बढ़ जाएगा। समिति के सचिव मोहन साहू, सहसचिव चंद्रशेखर साहू सहित स्वाध्याय केंद्र परिवार के सदस्यों ने महासमुंद के समस्त शहरवासियों व प्रबुद्ध नागरिकों से इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभाने का आग्रह किया है। समिति ने अपील की है कि यह अभियान पूरे महासमुंद के जल और पर्यावरण संरक्षण का महायज्ञ है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोग इस अभियान से सीधे जुड़ें और अपनी स्वेच्छा से तन, मन और धन से सहयोग प्रदान करें ताकि सितली नाला को उसका प्राचीन, स्वच्छ और अविरल स्वरूप वापस मिल सके।

## पेज 11 के शेष...

### नए सत्र की दस्तक...

रहे हैं। यदि नए शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले रिक्त पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति अथवा समायोजन नहीं किया गया तो विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित होना पड़ सकता है। कई विद्यालयों में पढ़ाई व्यवस्था /"तार जोड़ने/" जैसी स्थिति में पहुंचने की आशंका भी जताई जा रही है।

शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों का भविष्य किसी भी समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होता है। ऐसे में शिक्षक विहीन स्कूल केवल एक प्रशासनिक समस्या नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के भविष्य से जुड़ा गंभीर विषय है।

अब निगाहें शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन पर टिकी हैं। देखना यह होगा कि बच्चों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नए शिक्षा सत्र से पहले शिक्षकों की व्यवस्था की जाती है या फिर एक और सत्र समस्याओं और व्यवस्थागत कमियों के बीच गुजर जाएगा।

### आदिवासी ग्रामों...

ग्रामीणों ने अपने खून से पोस्टकार्ड लिखा। बिजली की मांग को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि बिजली के अभाव में बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और आजीविका बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

**बिजली के बगैर क्षेत्र का विकास रुकाः नेताम-** जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा कि पिछले एक दशक से ग्रामीण लगातार बिजली की मांग कर रहे हैं। हाल ही में सुशासन तिहार के समाधान शिविर में भी यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया था। अधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि क्षेत्र अभयारण्य के दायरे में आने के कारण राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की अनापत्ति के बिना विद्युतीकरण संभव नहीं है। प्रशासन ने यह भी कहा कि इस संबंध में अंतिम निर्णय केंद्र स्तर पर लिया जाना है, इसलिए राज्य सरकार अकेले बिजली उपलब्ध नहीं करा सकती। इसी वजह से ग्रामीण अब सीधे प्रधानमंत्री और एनटीसीए को पत्र भेज रहे हैं।

**सिंगल यूज सिरिंज से निकाला खून, उसी से लिखी अपनी पीड़ा-** ग्रामीणों ने बताया कि कार्यक्रम की पूर्व सूचना प्रशासन को दी गई थी और खून निकालने की प्रक्रिया में सहायता की मांग भी की गई थी, लेकिन कोई सहयोग नहीं मिला। प्रत्येक व्यक्ति के लिए अलग–अलग सिंगल यूज सिरिंज का इस्तेमाल किया गया। सिरिंज से निकाले गए खून को स्याही की तरह उपयोग कर ग्रामीणों ने पोस्टकार्ड पर अपनी भावनाएं और समस्याएं लिखीं। किसान संघर्ष समिति अध्यक्ष दैनिक राम मंडावी, जय अंबेडकरवादी युवा संगठन अध्यक्ष पतंगसिंह मरकाम, सरपंच चिमन नेताम, रामदेव मरकाम, साधुराम नेताम ने बताया कि यह किसी प्रकार का विरोध प्रदर्शन नहीं बल्कि अपनी मांग को संवेदनशील तरीके से रखने का प्रयास है। उनका कहना है कि वर्ष 2006 से अब तक हजारों पत्र सामान्य स्याही से लिखे जा चुके हैं, लेकिन उनकी मांगों पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। धरना–प्रदर्शन और ज्ञापन भी बेअसर रहे। ग्रामीणों ने बताया कि कार्यक्रम में लिखे गए 500 से अधिक पत्र प्रधानमंत्री कार्यालय और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण को स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजे जाएंगे। क

**इनकी रही उपस्थिति-** इस मौके पर दीनाचंद मरकाम सरपंच कोंचेगा,टीकम मरकाम सरपंच प्रतिनिधि भूतबेंडा,नरेश नेताम सरपंच प्रतिनिधि गोना,कृष्ण कुमार नेताम सरपंच प्रतिनिधि अड़गड़ी, नकुल नागेश बरनू नेताम,रोहन नेताम, अजय नेताम, पुरुषोत्तम परदे, फलेश नेताम, महेश सूर्यवंशी, दुर्जन मरकाम, रविंद्र मरकाम, नंदलाल नागेश, अमरू मरकाम, सुखदेव नेताम, परशुराम नेताम, मंगलुराम मरकाम, मोहन मरकाम भगवान सिंह नेताम, रमेश नेताम, लोकेश मरकाम, जितेंद्र मरकाम, सखाराम मरकाम,कार्तिक मरकाम, नवलू मरकाम कमलेश मरकाम, पुरन मेश्राम सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कार्यशाला में फ्रिंगर...

एवं सटीक होगी।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि बदलते अपराध स्वरूप को देखते हुए पुलिस बल का तकनीकी रूप से सशक्त एवं अद्यतन होना समय की आवश्यकता है। एनएएफआईएस प्रणाली के प्रभावी उपयोग से अंतरराज्यीय अपराधियों की पहचान, अज्ञात शवों की शिनाख्त तथा वर्षों से लंबित और अनसुलझे प्रकरणों के निराकरण में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त होगी। गरियाबंद पुलिस द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण आधुनिक तकनीक आधारित अपराध अनुसंधान को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे अपराध नियंत्रण एवं विवेचना की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होने की संभावना है।

# जिले के चार ब्लॉकों में शुरू होगी एआई आधारित प्रतियोगी परीक्षा अकादमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के मेधावी विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक तैयारी कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पहल की जा रही है। कलेक्टर बी.एस. उइके के मार्गदर्शन में जिले के चारों विकासखंड गरियाबंद, मैनपुर, देवभोग और फिंगेश्वर में रेस रत्नगर्भा अकादमी फॉर कॉम्पिटिटिव एग्जाम की शुरुआत की जा रही है। इस अकादमी के माध्यम से विद्यार्थियों को एसएससी, सीजी व्यापम, रेल्वे , अग्निवीर सहित अन्य महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित आधुनिक शिक्षण प्रणाली से कराई जाएगी।

जिला प्रशासन ने ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बड़े शहरों जैसी प्रतियोगी परीक्षा तैयारी की सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध करा रहे है। ताकि आर्थिक और भौगोलिक कारणों से किसी भी विद्यार्थी की प्रतिभा प्रभावित न हो। अकादमी में विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, अध्ययन सामग्री, टेस्ट सीरीज, करियर मार्गदर्शन तथा एआई आधारित व्यक्तिगत सीखने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे विद्यार्थियों को अपनी क्षमता के अनुरूप तैयारी करने और प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।

कलेक्टर श्री उइके ने जिले के विद्यार्थियों से इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए सही मार्गदर्शन और नियमित तैयारी अत्यंत आवश्यक है। जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार, 12 जून को सुबह 10 बजे ऑक्सन हॉल, वन परिसर, गरियाबंद में कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया है। सेमिनार में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, करियर विकल्पों तथा अकादमी की कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। जिला प्रशासन ने जिले के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को सेमिनार में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ लेने का आग्रह किया है।

उल्लेखनीय है कि रेस रत्नगर्भा अकादमी फॉर कॉम्पिटिटिव एग्जाम की नियमित कक्षाएं 22 जून से प्रारंभ होंगी। अकादमी के माध्यम से जिले के युवाओं को प्रतिस्पर्धी माहौल में बेहतर तैयारी का अवसर मिलेगा, जिससे वे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर अपने सपनों को साकार कर सकेंगे

## खबर संक्षेप



### बोस मंच के समर कैंप में हुईं विविध प्रतियोगिताएं

**अभनपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में ग्राम पचेड़ा में एक दिवसीय समर कैंप संपन्न हुआ। शिविर में 100 मीटर दौड़, कबड्डी, पिट्ठूल, फुगड़ी, चित्रकला, मटकी फोड़, कैरम, चम्मच-दौड़, रंगोली एवं कुर्सी दौड़ जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें दर्जनों बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पुरस्कार वितरण समारोह में सरपंच संजय बंजारे ने बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेल गतिविधियों को आवश्यक बताते हुए वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि निधि यदु, प्राध्यापिका, प्रिज्म आईटीआई कॉलेज भिलाई ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति, मोबाइल की लत एवं नैतिक मूल्यों के ह्रास पर चिंता व्यक्त करते हुए ऐसे आयोजनों को समाज के लिए आवश्यक बताया। इस अवसर पर यादव बाई कोसरिया, मनोज बारले सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने विजेता बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर निकलेश, पायल, संजना, सुलोचना, संदीप, कनिका, गोविंदा, सत्यजन, गुंजा, आदित्य, मयंक एवं नीतीश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### शहर में कांग्रेस भवन के समीप बनेगा व्यवसायिक परिसर, महामाया तालाब का होगा सौंदर्यीकरण

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में गुरुवार की पूर्वान्ह 11 बजे प्रेसीडेंट इन काउंसिल की बैठक आहूत की गई। बैठक में अध्यक्ष साहू द्वारा कुल 18 एजेंडे पीआईसी सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किए गए। सभी विषयों पर विस्तृत चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए। अध्यक्ष साहू के बेहतर समन्वय एवं सकारात्मक कार्यशैली के परिणाम स्वरूप सभी सदस्यों ने एकमत होकर जनहित के प्रस्तावों पर सहमति प्रदान की।
बैठक में पीआईसी मेंबरों को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष ने कहा कि अब तक आप सभी के समन्वय व सहयोग से नगर हित में पालिका निर्णय लेती रही है। आगे भी इसी प्रकार की सहयोग अपेक्षित है। हमारा प्रयास नगर के साथ–साथ पालिका को भी सुदृढ़ बनाना है। इसके लिए समय समय पर विभिन्न मुद्दों को पीआईसी और परिषद के समक्ष रखकर शहर विकास का ख़ाका तैयार किया जाता है। बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसमें वार्ड क्र. 28, 23, 11, 20 एवं 15 में डोम शेड, नाली, मुक्तिधाम उन्नयन, उद्यान व महामाया तालाब सौंदर्यीकरण कार्य की स्वीकृति, वार्ड 20 में कांग्रेस भवन के पास व्यावसायिक परिसर निर्माण, जाति एवं निवास के प्राप्त आवेदनों पर निर्णय एवं पुष्टि,फेरिक एलम ग्रेड-4 हेतु राशि 4, 99, 499 रुपए के भुगतान की स्वीकृति, रिक्त सहायक ग्रेड-2 एवं ग्रेड-3 के पदों को पदोन्नति से भरे जाने पर सहमति आदि एजेंडों पर चर्चा पश्चात निर्णय लिए गए।

**आयोजन :** पिछले 12 वर्षों में गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के कल्याण के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं संचालित

# प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर कोपेश्वरनाथ महादेव में महाआरती, विधायक रोहित हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने तथा देश के लोकतांत्रिक इतिहास में सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में गौरव प्राप्त करने के अवसर पर भाजपा मंडल कोपरा द्वारा कोपेश्वरनाथ महादेव मंदिर में विशेष जलाभिषेक एवं महाआरती का आयोजन किया गया।

महाआरती के पश्चात सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन तथा राष्ट्र की समृद्धि और उन्नति के लिए सामूहिक प्रार्थना की। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, नगर पंचायत कोपरा अध्यक्ष रूपनारायण साहू, किसान मोर्चा जिला महामंत्री सोमप्रकाश साहू, मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव सहित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु, स्वस्थ एवं सफल जीवन तथा राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की तथा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विधायक रोहित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। पिछले 12 वर्षों में गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के कल्याण के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं संचालित की गई हैं, जिनका लाभ देश के करोड़ों लोगों को मिला है।

भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाते हुए राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उनके नेतृत्व में भारत विश्व मंच पर एक सशक्त और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में उभरा है। सेवा, सुशासन और जनकल्याण के ये 12 वर्ष देश के लिए प्रेरणादायी रहे हैं। नगर पंचायत कोपरा के अध्यक्ष रूपनारायण साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। किसान मोर्चा जिला महामंत्री सोमप्रकाश साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के हित में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री हेमन वर्मा ने किया तथा आभार प्रदर्शन महामंत्री धानबाई साहू ने किया। कार्यक्रम में पूर्व नगर अध्यक्ष नोगेश्वर साहू,महिला मोर्चा जिला महामंत्री भारती साहू,शिक्षा प्रकोष्ठ जिला संयोजक मुन्नालाल देवदास, दिलीप साहू,लोकेश साहू झाड़ू तारक, ग्वाल तारक, हूलासराम साहू, फिरंगी राम पटेल, पुरउ साहू, गिरधारी तारक, लक्ष्मण साहू, रमेश गोयल सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### मोदी के 12 वर्ष विकास, विश्वास और जनकल्याण का स्वर्णिम युग



**छुईहा बेलर।** माण्डव्य ऋषि आश्रम बाबा कुपि शिव मंदिर मड़वाडिही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के विकास, विश्वास और जनकल्याण के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज एक विशेष संध्या वंदन महाआरती का पुजारी दिनबंधु शरण महाराज,जानकी शरण महाराज, अवधेश महाराज, आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।
कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामाधार साहू, अध्यक्ष हाई स्कूल बेलर,सालिक साहू, अध्यक्ष साहू संघ तहसील फिंगेश्वर खोमन साहू, राधेश्याम साहू, संतोष यादव, मोती जिला निषाद समाज,भुवन साहू,मनोहर यादव,फगेश साहू ,झाडुराम निषाद, रघुवीर शरण महाराज के मंत्रोच्चार एंव महारती में क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल को स्वर्णिम युग करार दिया। वक्ताओं ने कहा कि इस अवधि में देश ने अभूतपूर्व प्रगति देखी है, जिसमें बुनियादी ढाँचे से लेकर डिजिटल क्रांति, गरीब कल्याण से लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा तक हर क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल हुई हैं। आयोजकों ने संध्या वंदन और महाआरती के माध्यम से देश की सुख-समृद्धि और प्रगति के लिए प्रार्थना की। इस आयोजन ने मोदी सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों के प्रति जनता के विश्वास को एक बार फिर रेखांकित किया।

### गायत्री महायज्ञ आज, ग्रामीणों ने की तैयारी

**छुईहा बेलर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुन्ज, हरिद्वार निर्देश पर चेतना केंद्र फिंगेंश्वर के मार्गदर्शन छुईहा ईकाई के संयोजन एंव ग्रामवासी चरौदा के तत्वावधान में 12 जून को बाजार चौक ग्राम चरौदा में 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यज्ञाचार्य व यज्ञ संचालक चेतना केंद्र फिंगेंश्वर शांतिकुंज हरिद्वार प्रतिनिधि परमानंद महाराज युग पुरोहित होंगे। उन्होंने बताया गायत्री परिवार के संस्थापक गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा एवं मां गायत्री की कृपा से व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण, समाज निर्माण एवं राष्ट्र के नव निर्माण के उद्देश्य से यह आयोजन लोकमंगल के लिए रखा गया है।

# 9 जिले के प्रशिक्षु राजीवलोचन जिला मानस संघ की कार्यशाला में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



महामंडलेश्वर संत गोवर्धन शरण व्यास के सान्निध्य तथा मम राजीवलोचन जिला मानस संघ के तत्वावधान में 8 से 10 जून तक त्रिदिवसीय श्रीरामचरितमानस व्याख्यान प्रशिक्षण कार्यशाला एवं वार्षिक सम्मेलन का आयोजन चतुर्भुज सिरकट्टी आश्रम, कुटेना में हुआ।

इस प्रशिक्षण कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के 9 जिलों सहित नुआपड़ा से आए प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को श्रीरामचरितमानस के गूढ़ रहस्यों, कथा-व्याख्यान की पद्धति, प्रस्तुतीकरण की रूपरेखा तथा प्रभावी प्रवचन कला का प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। मानस मर्मज्ञ गुरुओं एवं महाराज श्री के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से प्रतिभागियों को आध्यात्मिक एवं व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने का अवसर मिला।

कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर जिला मानस संघ गरियाबंद का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़, राज मानस संघ धमतरी, माँ कौशल्या जिला मानस संघ रायपुर, मानस दर्शन-जीवन अर्पण परिवार छत्तीसगढ़, राघवेन्द्र मानस परिषद मगरलोड तथा लोक कलाकार संरक्षण समिति बागबाहरा के प्रतिनिधियों ने सहभागिता कर आयोजन को भव्यता प्रदान की।

इस आयोजन के सफल संचालन में मुख्य संरक्षक संत श्री गोवर्धन शरण महाराज जी, जिला मानस संघ के संस्थापक मुन्नालाल देवदास, अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, उपाध्यक्ष रोहित जगत एवं टिकमचंद सेन, महासचिव वीरेंद्र सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष डोमार साहू, महिला प्रकोष्ठ प्रमुख तरुणा पांडेय एवं अन्नपूर्णा साहू, ब्लॉक अध्यक्ष जागेश्वर ध्रुव, नंदकुमार यदु, टिकेश्वर सिन्हा, डोमार पटेल, महामंत्री कुमान ध्रुव, सहसचिव आनंद साहू सहित नवेल राज साहू, खिलावन साहू, गजानंद साहू, हीरालाल पटेल, सुरेंद्र सिन्हा, यशवंत भेड़िया, रामचंद्र यादव, दुलारूराम ध्रुव, लोकराम साहू, उमेश साहू, सावन ध्रुव, भरतलाल यादव, रामकुमार देवांगन, परमेश्वर साहू, वीरेंद्र साहू एवं केशर कुमार निर्मलकर का विशेष योगदान रहा।

### राशन कार्ड संबंधी 3936 आवेदनों का किया गया त्वरित निराकरण

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप प्रदेशभर में आयोजित सुशासन तिहार-2026 के तहत जिले में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में संबंधित विभागों द्वारा आम नागरिकों की मांगों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करते हुए विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया गया है। इसी तारतम्य में सुशासन तिहार के दौरान खाद्य विभाग को राशनकार्ड से संबंधित प्राप्त कुल 3936 आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण एवं निराकरण किया गया। जिसके माध्यम से कुल 1301 हितग्राही सीधे लाभान्वित हुए हैं। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी खाद्य अधिकारी तेजपाल सिंह ध्रुव ने बताया कि 41 समाधान शिविरों में राशनकार्ड से संबंधित कुल 3936 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों के निराकरण के तहत 1127 नए सदस्यों के नाम राशनकार्ड में जोड़े गए। इसी तरह पात्र परिवारों को खाद्य सुरक्षा योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 674 बीपीएल श्रेणी तथा 627 एपीएल श्रेणी के नए राशनकार्ड जारी किए गए, जिससे कुल 1301 हितग्राही सीधे लाभान्वित हुए है। इसके अलावा पारिवारिक परिस्थितियों में परिवर्तन होने के कारण 255 राशनकार्डों में मुखिया परिवर्तन की कार्रवाई भी की गई।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व मे देश में स्थापित हुआ सुशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जगह –जगह अनेक कार्यक्रम आयोजित कर सामूहिक प्रार्थना के बाद मोदीजी के उत्तम स्वास्थ्य दीर्घायु एवं राष्ट्र के निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना की। भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित योगेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 12 वर्षों के कार्यकाल ने भारत में विकास की एक नई परिभाषा लिखी है। यह कार्यकाल केवल बुनियादी ढाँचे के विकास का नहीं, बल्कि समाज के सबसे अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति (अन्त्योदय) और देश की मातृशक्ति के व्यापक उत्थान का स्वर्णिम युग साबित हुआ है।

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री नंदनी नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं के जीवन को सुगम और गरिमापूर्ण बनाने के लिए क्रांतिकारी कदम उठाए हैं। जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन के जरिए हर घर नल से जल और जनधन खातों के माध्यम से महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण इस बात का प्रमाण है कि केंद्र सरकार की हर योजना के मूल में नारी शक्ति का कल्याण छिपा है। भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रदेश मंत्री नरोत्तम साहू ने कहा लगातार सबसे लंबे समय तक देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करने का ऐतिहासिक रिकॉर्ड भी बनाया है पीएम श्री नरेंद्र मोदी ने 26 मई 2014 को पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी और आज 9 जून 2026 तक उनके कार्यकाल के 4399 दिन पूरे हो गए हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता तुलसी राठौर ने कहा चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए नया मेडिकल कॉलेज निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और कमजोर जनजातीय समूहों के लिए पीएम जन–मन योजना के तहत हजारों गरीबों को पक्के मकान दिए गए हैं। भाजपा महामंत्री दिनेश सचदेव ने कहा यह केवल एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के विश्वास की विजय है तीसरे कार्यकाल के साथ उन्होंने 4399 दिनों तक प्रधानमंत्री पद पर रहकर सबसे लंबे कार्यकाल का रिकॉर्ड बनाया है। भाजपा महामंत्री घनश्याम मरकाम ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश एवं देशवासियों के प्रति समर्पण भाव प्रेरणादायी है ।

# रावत जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव के नेतृत्व में समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने भारत सरकार के राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति से रायपुर स्थित राज्य अतिथि गृह पहुना में सौजन्य भेंट कर रावत जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग ओबीसी सूची में शामिल करने की मांग किया। प्रतिनिधिमंडल ने आयोग की अध्यक्ष को अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ में यादव समाज के अनेक परिवार रावत उपनाम का उपयोग करते हैं किंतु केंद्रीय ओबीसी सूची में नाम शामिल नहीं होने के कारण समाज के युवाओं एवं विद्यार्थियों को भारत सरकार की नौकरियों तथा विभिन्न केंद्रीय योजनाओं में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण एवं अन्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इससे समाज के हजारों प्रतिभाशाली युवक-युवतियां अवसरों से वंचित हो रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा रावत जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल करने संबंधी अनुशंसा पहले ही भारत सरकार को भेजी जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। जिससे समाज में निराशा का वातावरण है। उन्होंने मांग किया कि सामाजिक न्याय एवं समान अवसर की भावना को ध्यान में रखते हुए रावत जाति को तत्काल केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल किया जाये। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यह केवल आरक्षण का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा हुआ मुद्दा है। समाज लंबे समय से इस मांग को लेकर संघर्षरत है और अब केंद्र सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय की अपेक्षा करता है। छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद भी उपस्थित थे। उन्होंने भी समाज की मांग को न्यायोचित बताते हुए आवश्यक पहल किये जाने की अपेक्षा व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष भगत सिंह यादव, प्रदेश सचिव सुंदर लाल यादव, भगवती यादव, लोमश यादव, तीरथ यादव, भानु यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

### भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य बनीं अनुसुइया

**महासमुंद।** जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के जल संसाधन नदी विकास, गंगा संरक्षण विभाग से जारी हिंदी श्रम शक्ति भवन नई दिल्ली 29 मई 2026 के कार्यालय विज्ञापन के अनुसार डॉ. अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद को पुनर्गठित हिंदी सलाहकार समिति में सदस्य मनोनीत किया गया है। भारत का राजपत्र असाधारण भाग-1, खंड-1 प्राधिकार से प्रकाशित जल शक्ति मंत्रालय की शुद्धि पत्र में यह संकल्प संख्या प्रकाशित की गई है। तदअनुसार भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय द्वारा गठित हिंदी सलाहकार समिति में अध्यक्ष जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल, उपाध्यक्ष जलशक्ति राज्य मंत्री बी सोमन्ना, गैर सरकारी सदस्य संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा नामित लोकसभा के दो संसद सदस्य शंकर लालवानी एवं कृपानाथ मल्लाह, राज्यसभा से दो संसद सदस्य संसदीय राजभाषा समिति द्वारा नामित दो संसद सदस्य, केंद्रीय सचिवालय हिंदी परिषद एवं अखिल भारतीय हिंदी संस्थाओं के प्रतिनिधि को सदस्य मनोनीत किया गया है।

# बाइक से सड़क विहीन ग्रामों में पहुंचे विधायक जनक ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव इस क्षेत्र पहले ऐसे विधायक के रूप में जाने जाते है, जो मोटर साइकिल के सहारे दुर्गम पगडंडी ग्रामों तक लगातार ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनके समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। पिछले तीन दिनों से लगातार मैनपुर एवं वनांचल क्षेत्रों के ग्रामों में विधायक पहुंचकर इस भीषण गर्मी में पेयजल और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने प्रयास कर रहे हैं। साथ ही मौसमी बीमारी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग को गांव –गांव पहुंचकर लोगों को दवा वितरण करने स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ दुर्गम गांवों में बारिश से पहले दवा उपलब्ध कराने निर्देश दे रहे हैं।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण को दी गई श्रद्धांजलि

**नवापारा-राजिम।** गुरूवार को संगवारी कार्यालय में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव ने शहीद विद्या भैया को स्मरण करते हुए कहा कि विद्याचरण शुक्ल ने अपना सम्पूर्ण जीवन जनसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा प्रदेश और देश के विकास के लिए समर्पित किया। उनका राजनीतिक अनुभव, दूरदर्शी नेतृत्व एवं जनता के प्रति समर्पण सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। इस कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामा यादव,पूर्व उपाध्यक्ष नपा. चतुर जगत ,पार्षद अर्जुन साहू ,रामरतन निषाद ,टिकेश्वर गिलहरे ,वीरेंद्र राजपूत ,रामकुमार शर्मा ,अनुभव जैन ,असफाक लखानी ,बल्लू देवांगन ,दाऊराम साहू ,विजय तारक सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

### गोपाल गौशाला में की पूजा-अर्चना



**नवापारा-राजिम।** भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ द्वारा गोपाल गौशाला में श्री हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना कर गौ माता की आरती एवं केले का फल गुड़ का भोग लगाया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार 12 वर्ष के सफल कार्यकाल को लेकर शुभकामना दी गई। कार्यक्रम में संयोजक दयालू गाड़ा ,मनोज डाडेकर ,अशोक गंगवाल ,रमेश पहाड़िया ,ब्रह्मदत्त शास्त्री ,किशोर देवांगन ,परदेसी साहू ,धनमती साहू ,साधना सौरज ,योगिता सिन्हा ,मयाराम ,सोहेंद्र साहू ,रमेश सोनसायटी,नवल साहू ,हेमलाल साहू ,रूपेंद्र चंद्राकर ,चंदू कंसारी, कमलेश कहार,राजू सेन ,देवेंद्र सेन मौजूद थे।

### युवा प्रकोष्ठ रायपुर संभाग के उपाध्यक्ष बनाए गए रामसिंग

**राजिम।** सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ द्वारा समाज के सक्रिय एवं समर्पित युवा कार्यकर्ता



रामसिंग घृतलहरे को रायपुर संभाग उपाध्यक्ष बनाया गया है। वे लंबे समय से सामाजिक जागरूकता, शिक्षा, युवा सशक्तिकरण तथा समाज हित के विभिन्न कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे अभी भीम आर्मी गरियाबंद के जिलाध्यक्ष हैं। उन्हें समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं युवाओं ने बधाई दी है।

### लिफ्ट लेने वाले ने कर ली बाइक चोरी

**महासमुंद।** लिफ्ट लेकर बाइक चोरी के मामले में सिंघोड़ा थाने में आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी सदानंद यादव पिता अंतर्यामी यादव (36 साल) राफेल ने बताया कि 26 मई को उसने बसना के झनक नायक को सरायपाली से लिफ्ट मांगने पर छुईपाली तक बाइक में बिठाकर लाया था। इस दौरान उसने छुईपाली ढाबा में उसे खाना खिलाया और जब मैं लघुशंका से वापस आया तो झनक थैले से उसकी पल्सर बाइक क्र. सीजी 06 एचएफ 0205 की चाबी निकालकर उसे चोरी कर ले गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महुआ शराब जब्त, एक व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम बेलडीही मुख्य मार्ग के पास कच्ची मार्ग में शराब बेच रहे एक व्यक्ति पर बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना पर विष्णु सिदार पिता डमरू सिदार (50 साल) बेलडीही बसना के कब्जे से हाथ भट्ठी से निर्मित महुआ शराब 20 लीटर कीमत 4000 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

**बैठक :** जनहित के कार्यों को गति देने पर विस्तार से की गई चर्चा

# नपा की बैठक में अध्यक्ष महेश ने दिया टीम भावना से काम करने का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगर नगरपालिका परिषद की विशेष बैठक में नगर के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा जनहित के कार्यों को गति देने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष महेश यादव ने अधिकारियों एवं परिषद के सभी सदस्यों से आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नगर के विकास कार्यों में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए तथा सभी विभाग आपसी तालमेल बनाकर योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करें।

बैठक में नगर की साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क निर्माण, नाली निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, सौंदर्यीकरण तथा विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की गई। अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि राजिम नगर के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना परिषद की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी अधिकारी और जनप्रतिनिधि जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करें तथा जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नगर का विकास केवल परिषद या किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह सामूहिक प्रयासों से ही संभव हो सकता है। यदि सभी अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि एकजुट होकर कार्य करेंगे तो विकास कार्यों में तेजी आएगी और नागरिकों को उसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने विकास योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान विभिन्न वार्डों में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई। साथ ही आगामी योजनाओं की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि नगर के हर क्षेत्र में संतुलित विकास होना चाहिए ताकि किसी भी वार्ड को मूलभूत सुविधाओं के लिए इंतजार न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं के निराकरण के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य करने तथा जनता से निरंतर संवाद बनाए रखने की सलाह दी। परिषद की विशेष बैठक में उपस्थित पार्षदों ने भी अपने-अपने वार्डों की समस्याओं और विकास संबंधी आवश्यकताओं को रखा। इस पर अध्यक्ष महेश यादव ने सभी सुझावों को गंभीरता से लेते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर अमल में लाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राजिम नगर को स्वच्छ, सुंदर और सुविधायुक्त नगर बनाने के लिए परिषद पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है तथा आने वाले समय में विकास कार्यों को और अधिक गति दी जाएगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर विकास की योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करना, विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस रणनीति तैयार करना रहा। अध्यक्ष महेश यादव ने अंत में सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से नगर हित को सर्वोपरि रखते हुए मिल-जुलकर कार्य करने का आग्रह किया।

**कहा- विकास कार्यों में ढिलाई बर्दाश्त नहीं**



**बैठक में ये रहे उपस्थित-** बैठक में सीएमओ एस.के. विश्वकर्मा, इंजीनियर नितेश भावर, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति आकाश सिंह राजपूत,भारत यादव, कुलेश्वर साहू, पार्षद तुषार कदम, जानकी पटेल, जुगु ठाकुर, अंजनी उत्तम निषाद, बलराम यादव, सुरेश पायल, टंकु सोनकर, अजय पटेल, यशवंत सुमित्रा निराला, रेखा कुलेश्वर साहू सहित सभी विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

## जनजातीय विद्यार्थियों का राष्ट्रीय उपलब्धियों पर सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नवा रायपुर में बिरसा मुंडा को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में प्रयास एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के उन मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने खेलकूद, शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इसके साथ ही समाज के प्रबुद्धजनों तथा महान आदिवासी क्रांतिकारियों के वंशजों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार बेसरा उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया।

समारोह में कोसमबुड़ा, जिला गरियाबंद के विद्यार्थियों ने विशेष रूप से अपनी छाप छोड़ी। विद्यालय की पायल, नीरा एवं यश कुमार नेताम कक्षा 12वीं ने वर्ष 2026 की जी मेन्स परीक्षा उत्तीर्ण कर यह सिद्ध किया कि दूरस्थ जनजातीय अंचल की प्रतिभाएं देश की सर्वोच्च प्रतियोगी परीक्षाओं में भी परचम लहरा सकती हैं। इसके साथ ही पंचायती राज मंत्रालय द्वारा आयोजित 'मॉडल यूथ ग्राम सभा' में गरिमा ध्रुव, गणेश प्रसाद कंवर, चेश कुमार, योगमाया, मानवी ठाकुर, रेश्मा ध्रुव एवं बसंत कुमार ने अपनी उत्कृष्ट वैचारिक प्रस्तुति से पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया।

गरियाबंद जिले के ही मैनपुर के विद्यार्थियों ने भी जिले का गौरव बढ़ाया। बाबूलाल कक्षा 12वीं को भोपाल में अध्ययन हेतु चयनित किया गया, वहीं रेश्मा कक्षा 10वीं ने राष्ट्रीय स्तर पर तैराकी में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय दिया। इसी क्रम में कांकेर की कृतिका टेकाम कक्षा 10वीं ने राष्ट्रीय स्तर की बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया।

कोसमबुड़ा के प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने कहा हमारे विद्यार्थियों का इस राज्य स्तरीय मंच पर सम्मान पूरे गरियाबंद जिले के लिए ऐतिहासिक क्षण है। एमवायजीएस में राष्ट्रीय प्रथम स्थान और जी मेंस की सफलता यह प्रमाणित करती है कि जनजातीय अंचल में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं, बस सही अवसर और मार्गदर्शन चाहिए। यह सम्मान हमारे सभी विद्यार्थियों को और ऊँचाइयाँ

## पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी सत्संग महोत्सव में शामिल, लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम





पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर राजिम कुंभ क्षेत्र में विविध धार्मिक आयोजन का क्रम अनवरत जारी है इसी कड़ी में सत्यनारायण मंदिर समीप निषाद भवन नवापारा में भक्तिरस एवं नगरवासी नवापारा के तत्वावधान में 9 से 11 जून तक त्रिदिवसीय भक्ति सत्संग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पं. सत्यम दीवान श्रीधाम श्रोताओं को भागवत कथा का रसपान करा रहे थे। महाराज ने कहा कि पावन पुरुषोत्तम मास में कथा श्रवण की बड़ी महिमा है। साधक को भजन कीर्तन श्रवण सत्संग का अक्षय पुण्य लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि तन का छूटना मृत्यु है, किन्तु मन का छूटना मुक्ति है। आचार्य श्री ने कहा कि हमारे पास तीन साधन हैं। तन मन धन तन की शुद्धि स्नान से मन की शुद्ध प्रभु भजन से तथा धन की शुद्धि दान से है। इस सत्संग महोत्सव में वार्ड नंबर 14 के पार्षद जीना निषाद ने उपस्थित होकर नगरवासियों एवं प्रदेश की खुशियाली के लिए व्यास महाराज जी से आशीर्वाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का कुंभ राजिम में इस तरह का आयोजन सौभाग्य नहीं परम सौभाग्य का विषय है।

## विधायक ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

विधायक रोहित साहू ने ग्राम सांकरा में लाखों रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान को अग्रसर करते हुए और पौधारोपण किया। विधायक रोहित साहू के सांकरा आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने ग्राम सांकरा को कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की सौगातें दीं। जिसमें प्रमुख रूप से गंधर्व गांड़ा समाज के टीन शेड निर्माण लागत 10 लाख रुपए तथा सर्व समाज हेतु टीन शेड निर्माण लागत 10 लाख रुपए के कार्य का भूमिपूजन शामिल है। विकास कार्यों के भूमिपूजन के अलावा सांकरा में 22 पाली तहसील स्तरीय झेरिया यादव समाज के वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अधिवेशन कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अधिवेशन को संबोधित करते हुए विधायक ने यादव समाज के गौरवशाली इतिहास की सराहना की और समाज के विकास में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। विधायक श्री साहू ने कहा कि राजिम क्षेत्र की जनता मेरा परिवार है। जनसेवा करने और क्षेत्र के विकास के लिए भूमिपूजन व लोकार्पण करने से बड़ा कोई उपहार नहीं हो सकता। इस दौरान समाज की मांग पर यादव समाज भवन हेतु विधायक रोहित साहू ने 15 लाख रुपए की घोषणा की तथा महिला कलस्टर भवन में किचन शेड और आश्रित ग्राम कुम्हरमरा में सीसी रोड निर्माण घोषणा की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ,जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ,आशीष शर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, महिला मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष स्निग्धा शर्मा, पांडुका मंडल अध्यक्ष गौतम शर्मा,जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, अजय रोहरा, सुमित पारख, किसन कंडरा, डोमार साहू ,भाजयुमो नेता विरेंद्र साहू, प्रिंस शर्मा, जवाहर शर्मा स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न समाजों के प्रमुख, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिक्षक खोमन सिन्हा ने कलेक्टर उइके को भेंट की शोध कृतियां और पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिले के प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द के राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक खोमन सिन्हा ने गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके से सौजन्य भेंट कर अपनी शैक्षणिक, साहित्यिक एवं शोधपरक उपलब्धियों की जानकारी साझा की। यह मुलाकात आत्मीयता, सम्मान और प्रेरणा से परिपूर्ण रही।

इस अवसर पर श्री सिन्हा ने कलेक्टर को अपने दो अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र भेंट किए, जिनमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत समावेशी शिक्षा की उपयोगिता एवं नवीन शैक्षणिक प्रणाली तथा छत्तीसगढ़ की गोंड जनजाति के सांस्कृतिक एवं सामाजिक मूल्यों पर आधारित महत्वपूर्ण शोध शामिल हैं। इन शोध पत्रों में शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

साथ ही उन्होंने अपनी रचनाओं से समृद्ध पुस्तक आजादी के नायक, दिव्यांगता विषयक साहित्य तथा /"रत्नांचल छत्तीसगढ़/" पुस्तक भी कलेक्टर को भेंट की। इन पुस्तकों के माध्यम से समाज में जागरूकता, प्रेरणा और ज्ञान के प्रसार हेतु किए जा रहे अपने प्रयासों से अवगत कराया।

कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने श्री सिन्हा के शिक्षा, साहित्य और अनुसंधान के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों द्वारा किए जा रहे ऐसे शोध एवं साहित्यिक प्रयास समाज के लिए अमूल्य धरोहर हैं तथा नई पीढ़ी को ज्ञान, संस्कार और सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं।

भेंट के दौरान कलेक्टर महोदय ने स्नेहपूर्वक मुंह मीठा कराकर श्री सिन्हा का उत्साहवर्धन किया और भविष्य में भी शिक्षा, शोध एवं साहित्य के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य करते रहने के लिए शुभकामनाएं प्रदान कीं।

श्री खोमन सिन्हा ने इस अवसर को अपने जीवन का एक अविस्मरणीय और गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि कलेक्टर महोदय का स्नेह, सम्मान एवं मार्गदर्शन उन्हें समाज, शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा।

## भाजपाइयों ने किया पौधारोपण सुरक्षा का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



ग्राम सिर्रीखुर्द के तालाब मेड़ पार में विशेष पौधारोपण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत लगाए गए पौधों से पूरे क्षेत्र को हरा-भरा करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा सिर्रीखुर्द ने ग्रामीणजनों के साथ मिलकर तालाब मेड़ पर पौधे लगाए। इस अवसर पर विजय कंडरा ने कहा कि विधायक रोहित साहू विकास का पर्याय हैं। जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास को लेकर उनके मन में एक जुनून है। किसी उत्सव में सबसे उत्तम तरीका यही है कि हम पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लें और माँ के नाम पौधा लगाएं। उन्होंने कहा कि विधायक जी के नेतृत्व में राजिम विधानसभा ने विकास की नई गाथा लिखी है। सड़क, बिजली, पानी से लेकर स्वास्थ्य और शिक्षा तक हर क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। सरपंच देवेंद्र वर्मा , विजय कनड्रा टिकेश साहू,हरि राम साहू , नेमू राम साहू , लक्ष्मण वर्मा , खेलावन साहू गणेश साहू , हितेश , उमेश , कमलेश , परमानंद वर्मा , परमानंद सोनी , भूपेंद्र साहू , रामनाथ कुरील,सोनराज वर्मा , वाकेश, निर्मला बाई साहू, भगवती यादव, लीला साहू, शांति साहू, सुशीला, शोभना बाई साहू, संतोषी कनडा, महेंद्र साह रमेश साहू, ग्राम के वरिष्ठजन, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

**महिला सशक्तिकरण पर हुआ संवाद**

## दीदी के गोठ में जनकल्याणकारी योजनाओं की मिली जानकारी






हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

ग्राम पंचायत जोबा में संजीवनी संकुल संगठन के बैनरतले आयोजित बिहान दीदी के गोठ एवं वार्षिक आम सभा कार्यक्रम में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी महिलाओं तक पहुंचाई गई। कार्यक्रम में बिंद्रानवागढ़ मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विश्वास का विकास एवं जनकल्याण विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए विभिन्न योजनाओं की उपलब्धियों और लाभों से उपस्थित महिलाओं को अवगत कराया। बिंद्रानवागढ़ मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को शासन का आधार बनाया है। उनके नेतृत्व में भारत निरंतर प्रगति कर रहा है और विश्व में देश का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रहा है। सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, जिससे महिलाओं, किसानों, गरीबों एवं युवाओं को सीधे लाभ मिल रहा है। उन्होंने महिलाओं को स्वरोजगार, आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन तथा शासन की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं के प्रभाव एवं लाभों पर सार्थक संवाद हुआ। कहा कि महिलाओं की भागीदारी से समाज और राष्ट्र के विकास को नई गति मिलती है। इस अवसर पर मंडल महामंत्री धनंजय नेताम, कृषि सभापति गणेशाराम ध्रुव, सरपंच एवं मंडल मंत्री एकता सोम, बूथ अध्यक्ष टीकम सोम, निकिता कश्यप, पोमीन कश्यप, पूजा बघेल, नेहा कश्यप, स्वेता मुर्रा, रेखराम सोम, हेमचंद सोम, राजेंद्र नाग सहित ग्राम संगठन की बड़ी संख्या में बिहान दीदियां उपस्थित रहीं।

## बिहान महिला समूह ने की स्वच्छता अभियान में बाजार चौक की सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

बिहान महिला समूह बेलर द्वारा रेखा साहू के नेतृत्व में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत बाजार चौक, बड़देबाबा दुर्गा भवन के आसपास व्यापक साफ-सफाई कर पूरे क्षेत्र को स्वच्छ एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया।

गौरतलब है कि उक्त महिला समूह द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में यह पहल पहली बार नहीं की गई है। बेलर बाजार में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं, जिससे यहां स्वच्छता बनाए रखना एक महत्वपूर्ण चुनौती होती है। इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए बिहान महिला समूह समय-समय पर स्वच्छता अभियान संचालित कर समाज के लिए प्रेरणादायक कार्य कर रहा है। अभियान में सरपंच प्रतिनिधि लेखराम रात्रे ,रेखा साहू का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इसके अलावा रेखा साहू, अश्वनी साहू, पूर्णिमा यादव, नंदनी यादव, पुष्पा यादव, रत्ना निर्मलकर, हेमलता विश्वकर्मा, लक्ष्वतिन साहू, दुलेश्वरी साहू, दीपक साहू एवं कुलदीप सिन्हा सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही।